राजकीय ई–मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (11)2023 / गो.प्र. / प्रमुवसं –05462 / दिनांकः

–: कार्यालय–आदेश :–

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 29.09.2023 की अभिशंषा के आधार पर श्री मदन लाल का पदोन्नति वर्ष 2023–24 में वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु चयन किया गया था। श्री मदन लाल ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति के परित्याग (Forego) हेतु आवेदन पत्र उप वन संरक्षक, भीलवाड़ा के पत्र क्रमांक 7394 दिनांक 20.10.2023 द्वारा इस कार्यालय को प्रस्तुत किया है।

अतः श्री मदन लाल के पदोन्नति परित्याग (Forego) के आवेदन को स्वीकार करते हुए कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 04.06.2008 के अनुसार उनकी वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति को पश्चातवर्ती दो भर्ती वर्षों की पदोन्नति समिति के समक्ष रखी जाने वाली वरिष्ठता एवं पात्रता सूची में सम्मिलित नहीं किए जाने की शर्त पर श्री मदन लाल की पदोन्नति को परित्याग (Forego) करने की सहमति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(मुनीश कुमार गर्ग)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (11)2023 / गो.प्र. / प्रमुवसं –05462 / 8844-48/C दिनांकः 11.12.2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. मुख्य वन संरक्षक, अजमेर।
2. उप वन संरक्षक, भीलवाड़ा को भेजकर लेख है कि संबंधित कार्मिक की सेवापुस्तिका में लाल स्याही से पदोन्नति परित्याग करने का इन्द्राज आवश्यक रूप से करें।
3. उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रोद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन करने हेतु।
4. कार्मिक स्ट्रेन्थ, कार्यालय हाजा।
5. रक्षित पत्रावली।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराज. प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
राजस्थान, जयपुर

RajKaj Ref
5109716

Signature valid
Digitally signed by Munish Kumar Garg
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.12.01 1[illegible]:06:28 IST
Reason: Approved